अगली बारी तुम्हारी है

घर के उस उजड़े हुए उसारे में जहाँ बारात के बाद का कबाड़ और टूटी कुर्सियाँ अपना बुढ़ापा काटती हैं वहीं वह अपनी अंतिम साँसें गिन रही थी। वह जो कभी पूरे घर की इज्जत को अपने सीने से बुहारकर चमकाती थी आज खुद एक फटे चीथड़े की तरह दीवार के सहारे दुबकी पड़ी थी। उसकी सींकें ऐसे बिखरी थीं जैसे किसी अधेड़ बाप की ढहती हुई उम्मीदें हों। ठीक मेरे जैसी हालत थी उसकी। जब तक रीढ़ में दम था घर भर का कूड़ा ढोते रहे सबको साफ-सुथरा कोना देते रहे और जब खुद की रीढ़ टूट गई तो कोने की कालिख ने हमें अपनी गोद में समेट लिया। दुनिया का दस्तूर भी यही है कि जब तक तुम किसी के काम के हो तब तक तुम चौखट के देवता हो और काम निकलते ही तुम उसी चौखट के बाहर फेंके जाने वाले कबाड़ बन जाते हो। वह धूल से सनी हुई सींकें देखकर मुझे अपना ही बीता हुआ कल याद आ रहा था जब लोग पैर छूते थे और आज पैर मार कर आगे बढ़ जाते हैं।

रात के सन्नाटे में जब पूरा घर मखमली गद्दों पर सो रहा था तब उस कोने से एक अजीब सी सरसराहट गूँज उठी। ध्यान से सुना तो वह कोई रोना नहीं था बल्कि एक सूखी सींक का दूसरी टूटी सींक से टकराने का सन्नाटा था। मैंने खिड़की से झाँककर देखा तो मालकिन हाथ में एक चमचमाता हुआ प्लास्टिक का वैक्यूम क्लीनर लिए खड़ी थीं। उन्होंने उस पुरानी जर्जर सींकों के बंडल को पैर से ढकेला और एक झटके में कूड़े वाली गाड़ी में फेंक दिया। जाते-जाते वह झाड़ू अपनी बची-खुची धूल मेरे चेहरे पर छोड़ गई जैसे कह रही हो कि आज मेरी बारी है कल तुम्हारी होगी। तभी अंदर से मालकिन की तेज आवाज आई।

अरे सुनो जी अब इस बूढ़े नौकर को भी हटाओ बहुत कचर कचर करता है घर में जगह घेर रखी है

यह सुनकर मेरे पाँव तले की जमीन खिसक गई क्योंकि वह झाड़ू तो चली गई थी पर जाते-जाते वह मेरी ही नियति का आईना मेरे सामने छोड़ गई थी।

महू-किशनगंज मार्ग पर अनोखा प्रदर्शन : ओवरब्रिज निर्माण में देरी और अव्यवस्था के खिलाफ योगाचार्य ने किया शीर्षासन

महू (इंदौर समाचार) महू किशनगंज ओवरब्रिज निर्माण कार्य में अत्यधिक विलंब और इसके कारण आम जनता को हो रही भारी परेशानियों के विरोध में रविवार को एक बेहद अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला। इंदौर-महू मार्ग से गुजरने वाले हजारों नागरिक उस समय अचंभित रह गए, जब उन्होंने ओवरब्रिज पर एक व्यक्ति को उल्टा (शीर्षासन) खड़ा देखा।

दरअसल, प्रशासन की आड़ी-टेढ़ी और लचर व्यवस्था के विरोध में योगाचार्य प्रदीप दुबे ने सड़क पर शीर्षासन कर अपना विरोध दर्ज कराया। यह अनोखा प्रदर्शन %प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ के बैनर तले संस्था के जगमोहन सोन एवं अन्य सदस्यों द्वारा आयोजित किया गया था। इस जनहितैषी और शांतिपूर्ण प्रदर्शन की वहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने जमकर प्रशंसा की।

कछुआ गति से चल रहा कार्य, सेहत से हो रहा खिलवाड़

संस्था के जगमोहन सोन ने बताया कि किशनगंज ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पहले से ही अपने तय समय से काफी पीछे (विलंब) चल रहा है। इसके बावजूद वर्तमान में कार्य की गति बिल्कुल शून्य है। पूरे दिन में केवल एक या दो श्रमिक ही काम करते नजर आते हैं। इस धीमी गति के कारण पूरे क्षेत्र में धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को सांस व स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन निर्माण स्थल के आसपास ट्रैफिक जाम और

शासन-प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए प्रज्ञा सागर प्रबुद्ध संघ ने अपनाया गांधीवादी तरीका

दुर्घटनाएं हो रही हैं।

संस्था की मांग- बारिश तक रोका जाए काम, पहले सड़क हो दुरुस्त-प्रदर्शन के माध्यम से संस्था ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आगामी मानसून (बारिश) को देखते हुए इस अधूरे निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया जाए।

बारिश शुरू होने से पहले इस पूरी सड़क को व्यवस्थित और गड्ढा मुक्त किया जाए ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

बारिश का मौसम बीत जाने के बाद पूरी तैयारी और तेज गति के साथ निर्माण कार्य दोबारा शुरू किया जाए।

SDO ने दिया आश्वासन- इस अनूठे प्रदर्शन की गूंज तुरंत प्रशासनिक गलियारों तक पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओ मनोज जैन ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि निर्माण स्थल के साइड में ड्रेनेज (नाली) का निर्माण करवाया जाएगा, ताकि बारिश का पानी सड़क पर जमा न हो और जलभराव के कारण होने वाले

रामेश्वरम से उज्जैन बोल बम कावड़ यात्रा

राऊ । प्रतिवर्ष एक शिवलिंग से दूसरे शिवलिंग तक जलाभिषेक करने का राऊ नगर के सनातनियों ने पिछले कुछ वर्ष से बेड़ा उठाया है । इस वर्ष बोम बम कांवड़ यात्रा रामेश्वरम सेजल लेकर उज्जैन महाकाल पर जलाभिषेक कर संपन्न होगी । यात्रा राऊ निवास हरि भोले के नेतृत्व में संपन्न होगी

भारत ने मेजबान थाईलैंड को हराया

राऊ नगर के युवाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

राऊ । संजय पाटीदार । पटाया (थाईलैंड) में 30 मई से 3 जून तक आयोजित 2nd किंग्स गोल्ड कप में भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट टीम ने अपने अदम्य साहस और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया है । भारत ने मेजबान थाईलैंड को सीनियर एवं अंडर-19 दोनों में 3-0 से करारी शिकस्त देकर चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। सीनियर टीम की जीत के मुख्य सूत्रधार रहे विनय चटर्जी ने मैदान पर अपने बल्ले और विकेटकीपिंग से ऐसा कमाल दिखाया कि थाईलैंड की टीम पूरी तरह पस्त हो गई. उनके इस असाधारण ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। अंडर-19 टीम के मुकाबले में युवा सनसनी भुमन्यु शर्मा की घातक और सटीक गेंदबाजी के आगे थाईलैंड अंडर-19 के बल्लेबाज टिक नहीं सके। भुमन्यु की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत अंडर-19 ने आसानी से जीत दर्ज की और उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार मिला।भारतीय टीम के मुख्य कोच निखिलेश गौर ने इस ऐतिहासिक सफलता पर बेहद खुशी जताई है।

महू में मानवता का महाकुंभ: निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 4,972 मरीजों का हुआ उपचार, 261 गंभीर रोगी इंदौर रेफर

महू (इंदौर समाचार) सेवा, संवेदना और जनकल्याण की भावना के साथ महू की धरा पर चिकित्सा का एक अद्भुत महाकुंभ देखने को मिला। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मेमोरियल सोसायटी (भीम जन्मभूमि स्मारक, महू) और एल.एन.सी.टी. मेडिकल कॉलेज एवं सेवाकुंज अस्पताल (इंदौर) के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महू नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए 4,972 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां व परामर्श दिया गया।

261 गंभीर मरीजों को इंदौर भेजा, ऑपरेशन भी होंगे मुफ्त

जांच के दौरान चिन्हित किए गए 261 से अधिक गंभीर रोगियों को विशेष उपचार और ऑपरेशन के लिए सेवाकुंज अस्पताल, इंदौर रेफर किया गया है। इन मरीजों के लिए अस्पताल आने-जाने के लिए निशुल्क वाहन, भोजन, नाश्ता और ठहरने की पुख्ता व्यवस्था की गई है। ऑपरेशन और इलाज पूरा होने के बाद मरीजों को दोबारा सुरक्षित महू तक पहुंचाया जाएगा।

एक ही छत के नीचे मिलीं बड़ी सुविधाएं

सुबह 8 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चले इस शिविर में मरीजों का तांता लगा रहा। शिविर में हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, अस्थि रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक-कान-गला, चर्म रोग, शिशु रोग, दंत रोग और मेडिसिन विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। शिविर में मोतियाबिंद, पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील, बच्चेदानी और फिस्टुला के ऑपरेशन के लिए मरीजों का चयन किया गया। साथ ही एमआरआई (स्रूक्ष्ढ्ढ) और सीटी स्कैन (ष्ट्ञ्ज स्ष्ड्डठ्ठ) जैसी महंगी जांचें भी मुफ्त उपलब्ध कराई गईं।

विधायक उषा ठाकुर सहित कई गणमान्य रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महू विधायक सुश्री उषा ठाकुर उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में भीम जन्मभूमि स्मारक के अध्यक्ष भदंत डॉ. धम्मदीप महाथेरो, अंबेडकर यूनिवर्सिटी महू के डीन प्रो. दीपक वर्मा, डॉ. बी.के. ठक्कर, डॉ. राहुल मेवाड़ा, डॉ. सौरभ तिवारी, एलएनसीटी मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर राकेश धाकड़े, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजय खंडेलवाल और जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय सहित कई वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सहयोगियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा

स्वास्थ्य महायज्ञ की सफलता पर आयोजक डॉ. अमित सोनी एवं राजेश वानखेड़े ने सभी डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों और पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। शिविर व्यवस्था में डॉ. अमित सोनी, डॉ. नितिन राठौर, विक्रांत कॉलेज और न्यू एरा कॉलेज के नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा श्री राम तायल द्वारा ठंडे पेयजल और श्री कीर्ति आचार्य द्वारा मरीजों को निशुल्क किशमिश के पैकेट वितरित किए गए, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर डॉ. रेखा सोनी, डॉ. संजय जैन, डॉ. पीयूष तिवारी, डॉ. अमीर जोहार, कमिश्नर श्री सोनटक्के, दिनेश सिंह चौहान, नवीन तिवारी सहित राजनीति, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे और मानवता के इस स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया।

सर्व समाज का भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

राऊ । संजय पाटीदार । सारंगपुर में पाटीदार समाज सेवा समिति के तत्वाधान में राजगढ़ शाजापुर आगर जिले के 38 प्रतिभावान टॉपर छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 7 जून 2026 को मास्टरमाइंड स्कूल सारंगपुर में संपन्न कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष देवनारायण नगर ने की अध्यक्षता एसडीएम रोहित बामोर विशेष अतिथि राजेश पाटीदार इंदौर, निलेश वर्मा, ध्रुव भल्ला, अरूण कुमार द्वारा सरस्वती दीप प्रचलित सरदार पटेल माल्यार्पण कर की गई मंचासीन अतिथि का स्वागत सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा की गई सभी छात्र-छात्राओं को अतिथिगण द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया स्वागत भाषण संयोजक नंदकिशोर पाटीदार द्वारा किया गया सेवा समिति के संस्थापक प्रोफेसर आत्माराम पाटीदार एवं श्री बद्री प्रसाद जी अध्यापक को समाज रत्न से सम्मानित किया गया एवं सेवा समिति के उत्कृष्ट कार्य पर राजेश पाटीदार इंदौर द्वारा?500000 दान की घोषणा की गई। सर्व समाज के समस्त अतिथिगण की उपस्थिति रही संचालन सत्यनारायण अध्यापक विजय मंडलोई द्वारा किया गया। आभार महेश कुमार सचिव द्वारा किया गया

महू के जाम गेट पर चलती कार में लगी आग, कोई जन हानि नहीं

महू (इंदौर समाचार)महू के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल जाम गेट पर सोमवार दोपहर चलती कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी कार लपटों की चपेट में आ गई। कार में सवार चार लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार सवार महेश्वर से घाट चढ़कर जाम गेट की ओर आ रहे थे। जाम गेट के पास पहुंचते ही कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग भड़क उठी। स्थिति को भांपते हुए कार में सवार चारों लोग तुरंत वाहन से बाहर निकल गए।

हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं-आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरी कार जलकर खाक हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती रहीं। घटना की सूचना पुलिस विभाग को दी गई। इस दौरान जाम गेट मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण तकनीकी खराबी बताया जा रहा है।

संतों के आशीर्वचनों से श्रोता अनुग्रहित

देवास,अंतिमयादव । श्री दत्त उपासक मंडल के सामूहिक गुरु चरित्र वाचन व संत समागम में इंदौर, नासिक , संकेश्वर पीठ ,देवास आदि स्थानों से पधारे संतों के दर्शन मंडल के एक ही मंच पर पाकर श्रोता अभिभूत हो गए।

प्रातः ग्यारह बजे संतों का आगमन गीता भवन में प्रारंभ हुआ। श्रद्धेय भाऊनाथ महाराज और अनिल महाराज (नासिक),पूज्य शंकर भारती स्वामी महाराज, संकेश्वर पीठ, प. पू.महामंडलेश्वर श्री दादू महाराज (श्री शनी महाराज संस्थान,इंदौर) श्री रेणुका माता संस्थान इंदौर के श्री प्रवीणनाथ पानसे महाराज, शेगाव के गजानन महाराज संस्थान,इंदौर की पू. बेहरे आई, पू.तैलंग महाराज, श्री राम शरणम् आश्रम देवास के इंदरसिंहजी नागर आदि संतों ने उपस्थित सैकड़ों श्रोताओं को आशीर्वाद ,दर्शन और आशीर्वचनों से अनुग्रहित किया।

पू.तैलंग महाराज ने कहा कि जीवन का उद्देश्य हमेशा सामने रहना चाहिए,प्रपंच करते हुए परमेश्वर की प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए।

पू.बेहरे आई ने 13 वें सामूहिक गुरु चरित्र वाचन हेतु सभी का अभिनंदन किया। 12 वर्षों में एक तप पूर्ण होता है,और वाचकों ने सतत 13 वर्ष वाचन कर यह तप पूर्ण किया है। पू. नागर महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी में आग्रह किया कि आज संसार को अध्यात्म की आवश्यकता है । हम प्रतिदिन अपने परिवार ,समाज और राष्ट्र के लिए और सनातन धर्म को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए धर्मग्रंथों का वाचन करें।

पू.भाऊनाथ महाराज ने परमेश्वर प्राप्ति के तीन मार्ग बताए- ज्ञान, भक्ति और कर्म। मार्ग कोई भी हो पूर्ण समर्पण भाव परमेश्वर प्राप्ति के लिए अनिवार्य है।

पू. प्रवीणनाथ पानसे महाराज ने कहा कि अधिक मास में जो अर्जित किया है वह राष्ट्राय स्वाहा इदं न मम ऐसा संकल्प करें तो अधिकमास सार्थक सिद्ध होगा।पू.दादू महाराज ने भी सतत 13 वर्षों से वाचन को बड़े पुण्य का कार्य और इसे प्रभु की आज्ञा बताया। इसके लिए मंडल संस्थापक अनिल बेलापुरकर गुरुजी का अभिनंदन किया। अनिल महाराज (नासिक) ने दो भजनों की प्रस्तुति दी साथ है दरबार गुरु का तू भी आकर देख ले, मिलता है सबको यहां पर आजमा कर देख ले तथा अरे किती आनंद रे,सांगो सद्गुरू राया।

पू.शंकर भारती स्वामी महाराज ने भी धर्मग्रंथों (भगवत गीता,रामचरित मानस,श्री गुरु चरित्र) के वाचन,निष्काम ,निस्वार्थ भक्ती और इसमें कड़े अनुशासन पर बल दिया। अनिल बेलापुरकर गुरुजी ने सभी का आभार माना व संचालन दीपक कर्पे ने किया। आरती और महाप्रसाद के पश्चात सप्ताह के समाप्ति की घोषणा की गई।

कार्टून कोना...

मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में भव्य महाआरती संपन्न

देवास,पवनयादव । मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में समस्त मराठी भाषी समाज द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समाजजनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। आरती में महिला पुरूष परम्परागत मराठी वेश भूषा में उपस्थित हुए। नमिता शिर्के की मंडली ने आरती गायी जिसमे सभी ने साथ दिया। पूरे प्रांगण में एक साथ आरती की थालियां लेकर समाजजन उपस्थित थे। दीपकों के प्रकाश से संधी काल में मंदिर प्रांगण में बहुत ही अद्भुत दृष्य दिख रहा था जिससे पूरा मंदिर प्रांगण आलोकित हो रहा था। आरती में राज परिवार से राजमाता श्रीमंत गायत्री राजे पवार उपस्थित रही। कार्यक्रम का आयोजन युवा मंडल एवं महिला मंडल द्वारा किया गया। आरती पश्चात पूरा मंदिर प्रांगण येळ्कोट येळकोट जय मल्हार के जयघोष से गूंज गया। अंत में उपस्थितजनों को प्रसादी का वितरण किया गया।

लीनेस क्लब महू चांदनी की आधिकारिक यात्रा, नेत्रदान, अंगदान और पर्यावरण जागरूकता स्लोगन का हुआ विमोचन

महू। सामाजिक सरोकारों और जन-जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी संस्था लीनेस क्लब महू चांदनी की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने हाल ही में जावरा शहर की आधिकारिक यात्रा की। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति चेतना जगाना रहा। अपने इस प्रवास के दौरान उन्होंने एक विशेष गरिमामयी कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहाँ समाज को प्रेरित करने वाले अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों—नेत्र दान, अंग दान और पर्यावरण जागरूकता पर आधारित स्लोगन का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने उपस्थित सदस्यों और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए नेत्रदान और अंगदान से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। हमारे जाने के बाद भी हमारी आँखें किसी की अंधेरी जिंदगी को रोशन कर सकती हैं। वहीं, उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में प्रकृति को बचाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर लीनेस क्लब महू चांदनी और जावरा इकाई के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। विमोचन कार्यक्रम के बाद सभी सदस्यों ने इन संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की इस यात्रा और इस अनूठी पहल की स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने प्रशंसा की है।